मॉस्को भागने से पहले 26 .80 लाख की ठगी के आरोपी को दबोचा

- जीवनसाथी डॉटकॉम पर खुद को मर्चेंट नेवी अफसर बताकर महिला को शादी के लिए लिया झांसे में
- कैंसर के इलाज के नाम पर महिला से ऐंठी थी रकम
- इंदौर क्राइम ब्रांच ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया आरोपी को

नव भारत न्यूज

इंदौर. जीवनसाथी डॉटकॉम पर खुद को मर्चेंट नेवी का अधिकारी बताकर इंदौर की एक महिला से शादी का झांसा देने और कैंसर के इलाज के नाम पर 26.80 लाख रुपए की ठगी करने वाले फरार आरोपी को इंदौर क्राइम ब्रांच ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी रूस के मॉस्को भागने की तैयारी में था, लेकिन इमिग्रेशन जांच के दौरान उसके खिलाफ इंदौर में दर्ज धोखाधड़ी का मामला सामने आने पर उसे रोक लिया. दिल्ली पुलिस से सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच की टीम दिल्ली पहुंची, ट्रांजिट रिमांड पर आरोपी को इंदौर लाई और न्यायालय में पेश कर पूछताछ शुरू कर दी है.

डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2024 में शहर की एक महिला की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया था. जांच में सामने आया कि नोएडा निवासी जितेंद्र छोंकर ने जीवनसाथी डॉटकॉम पर खुद को मर्चेंट नेवी का अधिकारी बताकर महिला से संपर्क किया. बातचीत के दौरान उसने शादी का प्रस्ताव रखा और विश्वास जीतकर विवाह के लिए सहमति भी बना ली. कुछ समय बाद आरोपी ने खुद को कैंसर से पीड़ित बताते हुए इलाज के लिए तत्काल पैसों की जरूरत होने की बात कही. महिला ने उसके झांसे में आकर अलग अलग किश्तों में 26 लाख 80 हजार रुपए उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए. रकम मिलते ही आरोपी ने महिला से संपर्क तोड़ दिया और फरार हो गया.

पुलिस लगातार कर रही थी आरोपी की तलाश प्रकरण दर्ज होने के बाद क्राइम ब्रांच लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी, लेकिन वह गिरफ्त से बाहर था. इसी बीच मंगलवार को दिल्ली पुलिस से सूचना मिली कि आरोपी मॉस्को जाने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा है. इमिग्रेशन जांच के दौरान उसके खिलाफ इंदौर में दर्ज धोखाधड़ी का मामला सामने आने पर उसे वहीं रोक लिया. सूचना मिलते ही इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम दिल्ली रवाना हुई और दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर आरोपी को इंदौर ले आई.

पहले मास्को में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम कर चुका है आरोपी

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह पहले मॉस्को स्थित एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में सुपरवाइजर के रूप में काम कर चुका है और दोबारा वहीं नौकरी करने के लिए भारत से रवाना हो रहा था. पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि उसने इसी तरह की वारदात अन्य लोगों के साथ भी की है या नहीं. मामले में डीसीपी ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था. आरोपी से ठगी की पूरी रकम, उसके बैंक खातों, विदेश में उसकी गतिविधियों तथा इस तरह की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है. उम्मीद है कि पूछताछ में कई और महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं.

इंग्लैंड के परिचित का मोबाइल हैक कर एक लाख ठगे

शहर में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है. संयोगितागंज पुलिस ने उषागंज छावनी निवासी राबिया खान की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. राबिया ने पुलिस को बताया कि उनके परिचित याकूब खान इंग्लैंड में रहते हैं. 20 जून को याकूब के मोबाइल नंबर से मेडिकल इमरजेंसी बताकर रुपए की मांग करते हुए पंजाब नेशनल बैंक का एक खाता नंबर भेजा. परिचित समझकर राबिया ने 50-50 हजार रुपए के दो ट्रांजेक्शन कर एक लाख रुपए खाते में जमा कर दिए. बाद में याकूब से संपर्क होने पर पता चला कि उनका मोबाइल साइबर ठगों ने हैक कर लिया था और उन्होंने कोई मैसेज नहीं भेजा था. पुलिस ने मामला दर्ज कर खाते और मोबाइल कनेक्शन की जांच शुरू कर दी है.

मुखबिरी के शक में मैकेनिक का सिर फोड़ा

इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित झंडा चौराहा के पास एक बदमाश ने मैकेनिक नगर भमोरी में मुखबिरी के शक में एक मैकेनिक पर पाइप और ब्लॉक से हमला कर घायल कर दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सेठी नगर में रहने वाला 49 वर्षीय फरियादी प्रकाश काले जब झंडा चौराहा के पास मैकेनिक नगर भमोरी में परिचित सचिन से कामकाज की बात कर रहा था, इसी दौरान संजय नगर निवासी अमित उर्फ भूरा वहां पहुंचा और मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर आरोपी ने गैरेज में पड़ा लोहे का पाइप उठाकर प्रकाश के सिर पर हमला कर दिया.

आइशर की टक्कर से पीथमपुर नपा अध्यक्ष के भतीजे की मौत

- दो अन्य अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों ने दम तोड़ा

नव भारत न्यूज

इंदौर. पीथमपुर नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र पटेल के भतीजे जितेंद्र पटेल उम्र 48 साल की सड़क हादसे में मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि जितेंद्र अपने एक साथी के साथ धार स्थित शोरूम से बाइक पर पीथमपुर लौट रहे थे. इंडोरामा के पास एक आइशर वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में साथी सड़क के दूसरी ओर जा गिरा, उसकी जान बच गई, जबकि सड़क पर गिरे जितेंद्र को आइशर ने कुचल दिया. गंभीर हालत में उन्हें इंदौर लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. इसी तरह एक अन्य मामले में शिप्रा थाना क्षेत्र के बरलाई जागीर निवासी मोतीराम पिता केसरसिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई. कुछ दिन पहले उनकी बाइक को पीछे से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी थी, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे. एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. उधर, मानपुर के भेरूघाट में भूसे से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर कई वाहनों को टक्कर मारने के बाद पलट गया. हादसे में ट्रक का क्लीनर ब्रजेश पिता भेरूलाल, निवासी रायसेन, ट्रक के नीचे दब गया था, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इसी हादसे में कार सवार भोपाल निवासी रजनी उम्र 34 साल की पहले ही मौत हो चुकी थी. वह अपने रिश्तेदार एसके राय के साथ मुंबई जा रही थीं.

युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड- कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना निवासी आशीष पिता सदाशिव पांचाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बड़े वाहनों की बॉडी बनाने का काम करने वाला आशीष शराब पीने का आदी था और घटना वाले दिन भी नशे में था. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. परिजन भी आत्महत्या का कारण नहीं बता सके हैं. पुलिस ने मर्ग कायम कर मोबाइल और अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है.

पलंग से गिरने पर 44 दिन के मासूम की मौत

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र के रुक्मणी नगर, छोटा बांगड़दा में 44 दिन के मासूम की पलंग से गिरने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक प्रियांशु पिता चंद्रशेखर कुमार उम्र 44 दिन सोमवार देर रात घर में करीब तीन फीट ऊंचे पलंग पर सो रहा था. इसी दौरान उसकी मां वॉशरूम गई. इस बीच बच्चा करवट लेते हुए बेड से नीचे गिर गया. रोने की आवाज सुनकर पिता की नींद खुली तो देखा कि बच्चे के चेहरे और मुंह पर चोट लगी थी. परिजन पहले उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे गंभीर हालत होने के कारण एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया.

पुरानी रंजिश में दो दूध व्यापरियों की हत्या के 18 दोषियों को दोहरी उम्रकैद

- सात साल पुराने चर्चित दोहरे हत्याकांड में कोर्ट ने सुनाया फैसला
- आरोपियों पर 1.24 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया

नव भारत न्यूज

इंदौर/महू. पुरानी रंजिश के चलते दो दूध कारोबारियों की हत्या के चर्चित मामले में डॉ. अंबेडकर नगर (महू) की अदालत ने 18 आरोपियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. अदालत ने सभी दोषियों पर अलग-अलग धाराओं में कारावास के साथ 1.24 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है. यह मामला पुलिस द्वारा चिन्हित जघन्य प्रकरणों में शामिल था.

पंचम अपर सत्र न्यायाधीश भरत कुमार व्यास ने थाना बड़गोंदा के वर्ष 2019 के दोहरे हत्याकांड में आरोपी शाहिद, मंजूर, मोहम्मद बाशिद, मोहम्मद जैद, सद्दाम, मोहम्मद जाकिर, अबरार, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद ईरफान, नूरजहां, मोहम्मद सूफियान, मोहम्मद शाकिर, वसीम, शोएब उर्फ कल्ला, मोहम्मद शोहेब उर्फ पोंडू, तनवीर, नईम बी और मोहम्मद हमूद को दोषी करार देते हुए दो दो आजीवन कारावास की सजा सुनाई. साथ ही दंगा और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के अपराध में भी अलग अलग सजा सुनाई गई. शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक आनंद नेमा ने पैरवी की. निर्णय में अदालत ने माना कि अभियोजन ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध किए हैं, जिसके बाद सभी 18 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई.

यह था मामला...

18 जनवरी 2019 की सुबह मोहम्मद युसूफ और मोहम्मद शरीफ दूध वितरण के लिए मोटरसाइकिल से महू जा रहे थे. उनके पीछे मोहम्मद यूनूस और नूरूल इस्लाम भी थे. आरोप है कि बंडा बस्ती में नूरजहां ने दोनों पर लाल मिर्च पाउडर फेंकते हुए अन्य आरोपियों को बुलाया. इसके बाद हथियारों से लैस आरोपियों ने दोनों पर लोहे के पाइप, तलवार, फालिया और डंडों से हमला कर दिया. हमलावरों ने उनकी मोटरसाइकिल और दूध की टंकियां भी तोड़ दीं. घटना के बाद घायल दोनों को पहले पुलिस चौकी और फिर प्राथमिक उपचार के बाद एमवाय अस्पताल रेफर किया था, इलाज के दौरान मोहम्मद युसूफ की मौत हो गई, जबकि मोहम्मद शरीफ ने बाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की. जांच के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे हथियार और अन्य साक्ष्य बरामद किए. एक आरोपी मुसैब उर्फ दाढ़ी अब भी फरार है, जिसकी विवेचना अलग से जारी है.

एक नजर में

महू से अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था हर्षोल्लास के साथ रवाना

महू. स्थानीय श्रद्धालुओं का पहला जत्था 30 जून को अमरनाथ यात्रा के लिए हर्षोल्लास के साथ रवाना हुआ. यह यात्रा क्षेत्र के प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक ब्रह्मलीन स्व. बद्रीलाल पाटीदार एवं ब्रह्मलीन स्व. सुरेंद्र पाल सिंह खनूजा की पावन स्मृति में आयोजित की गई है. यात्रा संयोजक यश सैनी एवं दीपक कोटवार ने बताया कि रवानगी के अवसर पर एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया था. इसमें यात्रा पर जाने वाले सभी अमरनाथ भक्तों का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया और उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजू खनूजा उपस्थित थे. उन्होंने बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जा रहे सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सुखद यात्रा की कामना करते हुए जत्थे को रवाना किया. कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद जितेंद्र शर्मा, समाजसेवी राधेश्याम बियानी, अमित सैनी, जीतू कौशल, राहुल नागर, राजकुमार प्रजापति और प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे.

महू के मध्यभारत अस्पताल में महिला वार्ड पर लटका ताला

महू. शासकीय मध्य भारत अस्पताल का महिला वार्ड इन दिनों डॉक्टरों की लापरवाही और अव्यवस्था का शिकार बना हुआ है. अस्पताल के महिला वार्ड में

ताला लगाने की नौबत आ गई है, जिसके कारण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. अस्पताल में दो स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ पदस्थ हैं, लेकिन वर्तमान में दोनों ही ड्यूटी पर मौजूद नहीं हैं. डॉ. सीमा सोनी अवकाश पर चल रही हैं, जबकि दूसरी विशेषज्ञ डॉ. कृति पाठक दिल्ली ट्रेनिंग पर गई हैं. अस्पताल प्रबंधन द्वारा इन दोनों डॉक्टरों की अनुपस्थिति में किसी वैकल्पिक प्रसूति रोग विशेषज्ञ की व्यवस्था नहीं की गई. अस्पताल में तैनात मेडिकल ऑफिसर डॉ. अरुणिका गर्भवती महिलाओं का ओपीडी में उपचार और सामान्य जांच तो कर रही हैं, लेकिन नियमों और तकनीकी सीमाओं के कारण वे प्रसूति करवाने में असमर्थ हैं. अस्पताल में डिलीवरी की सुविधा बंद होने से प्रसूति के लिए आने वाली महिलाओं और उनके परिजनों की मुसीबतें बढ़ गई हैं. आपातकालीन स्थिति में मरीजों को मजबूरी में महंगे निजी नर्सिंग होम का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है. नागरिकों ने प्रशासन से अस्पताल में तुरंत वैकल्पिक प्रसूति विशेषज्ञ की नियुक्ति करने की मांग की है.

8 घंटे में नकबजनी का पर्दाफाश, 5 शातिर चोर गिरफ्तार

महू. किशनगंज पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए क्षेत्र में हुई एक बड़ी चोरी का खुलासा किया है. पुलिस ने वारदात के महज 8 घंटे के भीतर तकनीकी और जमीनी नेटवर्क का उपयोग कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. आरोपियों के कब्जे से चोरी के पूरे माल सहित घटना में प्रयुक्त वाहन और हथियार बरामद कर लिए गए हैं. पुलिस के अनुसार, फरियादी सूरज (29), पिता बहादुरसिंह नरवरिया, निवासी अरिहंत रेसीडेंसी (भाटखेड़ी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 जून की शाम से 27 जून के दोपहर के बीच अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने घर का ताला तोड़कर दो लैपटॉप, एक जोड़ी चांदी की बिछिया, चांदी के सिक्के, धातु की मूर्ति, नकदी और एक भूरे रंग का पिट्ठू बैग चोरी कर ले गए थे. घटना के बाद एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया. टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास के करीब 45 सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग को बारीकी से खंगाला. फुटेज के आधार पर संदेही हुलिये वाले अज्ञात आरोपियों की पहचान कर मुखबिर तंत्र की मदद से घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया. आरोपियों के नाम सागर (22) पिता महेश बारिया निवासी ग्राम पिपल्या थाना सागौर, अरविन्द (21) पिता संजय जावर निवासी धरनावदा थाना गांधीनगर, कुणाल (20) पिता अशोक तिवड़िया निवासी ग्राम पिपल्या थाना सागौर, शिवम (21) पिता स्व. श्यामलाल मेढ़ा निवासी ग्राम आवलिपुरा थाना मानपुर, निहाल (20) पिता नेपाल सिंह ठाकुर निवासी कल्याण सम्पत कालोनी बेटमा बताए गए हैं.

नशे में धुत कार चालक का चालान काटा तो बिफरी युवती

- चेकिंग के दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की कर किया हंगामा

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान नशे में कार चला रहे चालक पर कार्रवाई करना कार में सवार युवती इतना नागवार गुजरा कि बीच सड़क पर उसने हंगामा खड़ा कर दिया. आरोप है कि उसने पुलिसकर्मियों से गालीगलौज और धक्का-मुक्की कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई. पुलिस ने युवती सहित तीन लोगों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है.

पुलिस के अनुसार, चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे पर देर रात वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान पश्चिम बंगाल नंबर की एक हुंडई क्रेटा कार को रोका. जांच में चालक नशे की हालत में मिला, जिस पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान बनाया जा रहा था. इसी दौरान कार में सवार युवती अचानक आक्रोशित हो गई और पुलिसकर्मियों के साथ गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की करने लगी. आरोप है कि युवती लगातार पुलिसकर्मियों को धमकाती रही और कार्रवाई में बाधा डालती रही. मौके पर मौजूद पुलिस बल और राहगीरों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी. पुलिस का आरोप है कि कार में सवार उसके दोनों साथी भी उसे उकसाते रहे और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते रहे. एसीपी हिन्दू सिंह मुवेल का कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने कर्नाटक निवासी कालीदास, कोलकाता निवासी श्रवण कुमार प्रजापति और ओडिशा निवासी सोमाली के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

1.30 लाख के मोबाइल चोरी का 24 घंटे के भीतर खुलासा

- ट्रेनों में चोरी करने वाला अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार
- आरोपी के पास से चार अन्य संदिग्ध मोबाइल भी जब्त

नव भारत न्यूज

इंदौर. जीआरपी उज्जैन ने मालवा एक्सप्रेस के एसी कोच में हुई 1.30 लाख रुपए कीमत के मोबाइल चोरी के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए उत्तर प्रदेश के एक अंतरराज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से चोरी गया मोबाइल बरामद करने के साथ ही चार अन्य संदिग्ध मोबाइल भी जब्त किए हैं. पुलिस अब इन मोबाइलों के वास्तविक मालिकों और अन्य वारदातों की जांच कर रही है. जीआरपी पुलिस के मुताबिक, महाराष्ट्र के नंदुरबार निवासी पृथ्वी सोनार 28 जून को मालवा एक्सप्रेस के एसी कोच में यात्रा कर रहे थे. विक्रमनगर स्टेशन के पास उन्होंने अपना सैमसंग गैलेक्सी एस-25 अल्ट्रा मोबाइल चार्जिंग पॉइंट पर लगाया था. इसी दौरान अज्ञात बदमाश कीमती फोन चुराकर फरार हो गया. शिकायत मिलने पर जीआरपी उज्जैन ने मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की. थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने उज्जैन, विक्रमनगर, देवास और इंदौर रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार उम्र 19 साल को गिरफ्तार कर लिया.

पूछताछ के बाद उसके कब्जे से चोरी गया मोबाइल बरामद कर लिया. तलाशी के दौरान आरोपी के पास से चार अन्य मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत 1.75 लाख रुपए है भी जब्त किए. पुलिस का मानना है कि ये मोबाइल भी चोरी के हो सकते हैं, उनके वास्तविक मालिकों और संबंधित प्रकरणों की जानकारी जुटाई जा रही है. आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस उसके अन्य राज्यों में सक्रिय गिरोह से जुड़े होने की भी जांच कर रही है.

डीसीपी ने साइबर ठगी से बचाव के बताए उपाय

- छप्पन दुकान पर चला सेफ क्लिक 2.0 अभियान

इंदौर. साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत शनिवार को छप्पन दुकान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. इस दौरान डीसीपी जोन 3 अभिषेक रंजन ने नागरिकों से संवाद कर उन्हें साइबर ठगी के नए-नए तरीकों से सतर्क रहने की सलाह दी.

कार्यक्रम में एसीपी कोतवाली विनोद कुमार दीक्षित एवं तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र चौहान भी मौजूद रहे. डीसीपी अभिषेक रंजन ने लोगों को यूपीआई फ्रॉड, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयर करने, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य साइबर अपराधों के तरीकों की जानकारी दी और उनसे बचाव के उपाय बताए. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऑनलाइन ठगी की आशंका होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं तथा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत करें. अभियान के दौरान लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई.

तीन इमली बस स्टैंड के पीछे जुआ खेलते दो जुआरी गिरफ्तार

इंदौर. भंवरकुआं पुलिस ने तीन इमली बस स्टैंड के पीछे पालदा क्षेत्र में दबिश देकर दो आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके से नकदी और ताश की गड्डी जब्त की है. थाना प्रभारी संतोष सिंह दुधी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए तीन इमली बस स्टैंड के पीछे छापा मारा था, यहां सोहन कुशवाह उम्र 26 साल निवासी पंवार नगर, चितावद पालदा और इंदर सिंह मोरया उम्र 34 साल निवासी हिम्मत नगर, पालदा ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते मिले. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1,450 रुपए नकद और ताश की गड्डी जब्त की. आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई.

थाने से हथकड़ी निकालकर फरार हुआ शराब तस्करी का आरोपी

नव भारत न्यूज

इंदौर. द्वारकापुरी थाने से अवैध शराब के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी मंगलवार को पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. आरोपी ने हथकड़ी से हाथ निकाल लिया और संतरी की नजर बचाकर थाने से भाग निकला. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया और उसकी तलाश में कई टीमें रवाना की गईं.

साबिर उर्फ गज्जू निवासी अहीरखेड़ी को पुलिस ने सोमवार रात अवैध शराब के एक मामले में गिरफ्तार किया था. मंगलवार को उसे थाने में हथकड़ी लगाकर बैठाया था. इसी दौरान उसने हथकड़ी से हाथ निकाल लिया और मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल आरोपी की तलाश शुरू कराई. पुलिस आसपास के क्षेत्रों में दबिश देकर फरार आरोपी की तलाश कर रही है. वहीं, थाने की सुरक्षा व्यवस्था और आरोपी के फरार होने की परिस्थितियों की भी जांच की जा रही है.

एक नजर में — नेहरू नगर में सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, इससे बरसात में कीचड़, जलभराव और खुले गड्ढों से हादसे का खतरा बढ़ गया है

सीवरेज और नर्मदा पाइपलाइन सुधार कार्य की सुस्त रफ्तार बनी मुसीबत

इंदौर. शहर में सीवरेज और नर्मदा पाइपलाइन सुधारने के लिए चल रहे कार्य की सुस्त रफ्तार लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है. नेहरू नगर में सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं. बरसात में कीचड़, जलभराव और खुले गड्ढों से हादसे का खतरा बढ़ गया है.

वार्ड क्रमांक 26 स्थित नेहरू नगर में सीवरेज लाइन के बार-बार चोक होने और पुरानी नर्मदा पाइपलाइन से कम व दूषित पानी मिलने की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया है, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति अब क्षेत्रवासियों के लिए नई परेशानी बन गई है. पाइपलाइन डालने के बाद कई गलियों की पक्की सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिनका अब तक पुनर्निर्माण नहीं किया गया, जगह-जगह खुले पड़े गहरे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं. बरसात के कारण कीचड़ और जलभराव से हालात और बिगड़ गए हैं. रहवासी, राहगीर और स्थानीय व्यापारी रोजाना परेशानी झेलने को मजबूर हैं. यहां के रहवासियों का कहना है कि यदि विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाता और सड़कों की तुरंत मरम्मत होती तो उन्हें इतनी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता. रहवासियों ने जिम्मेदारों से जल्द कार्य पूरा कर सड़कें बहाल करने की मांग की है.

यह बोले वार्डवासी...

खुदाई करने के बाद सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कर दी जाए तो लोगों को आसानी हो जाए. बारिश के कारण मिट्टी से कीचड़ हो रहा है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है.

- दिशांक तालावले

पूरा मार्ग खुदा पड़ा है, इससे यातायात प्रभावित हुआ है. इसका व्यापार पर भी बहुत ज्यादा बुरा असर पड़ रहा है. काम अच्छा है, लेकिन जल्दी से पूरा कर देना चाहिए.

- अंतु मेहर

अब जब टेंडर खुले होंगे, तब काम शुरू किया है. हालांकि इस काम को गर्मी में शुरू करते तो जिस स्पीड से कार्य चल रहा था, अब तक तो पूरा हो ही जाता. बरसात में लोगों को परेशानी नहीं उठाना पड़ती.

- सुरेश स्वामी

गली नंबर तीन में पिछली बारिश के बाद कार्य शुरू किया गया था, मुख्य मार्ग पर सीवरेज लाइन का कार्य हुआ, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं की गई. जर्जर सड़क से दुर्घटनाएं हो रही हैं.

- राजू हासापुरिया